# भिलाई को हरा–भरा बनाने पौधारोपण अभियान जारी, सेक्टर–04 उद्यान में लगाए गए पौधे

**भिलाईनगर।** नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा शहर को हरा–भरा बनाने, पर्यावरण संरक्षण एवं ऊर्जा संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से व्यापक स्तर पर पौधारोपण अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को जोन–5 क्षेत्रांतर्गत सेक्टर–04 स्थित सड़क क्रमांक 25 एवं 26 के मध्य उद्यान में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जोन आयुक्त अजय गौर के नेतृत्व में विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे गए। इस अवसर पर स्थानीय पार्षद ईश्वरी नेताम, पूर्व पार्षद रिंकू साहू, उद्यान अधिकारी तिलेश्वर साहू, सहायक अभियंता श्वेता महेश्वर, उप अभियंता शंकर सुमन मरकाम, सहायक राजस्व अधिकारी अनिल मेश्राम, जोन स्वास्थ्य अधिकारी सागर दुबे, पर्यावरण मित्र मंडल से बालूराम वर्मा एवं अन्य संस्था के प्रतिनिधियों सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। उद्यान अधिकारी ने कहा कि पर्यावरण संतुलन बनाए रखने एवं आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ और हरित वातावरण उपलब्ध कराने के लिए पौधारोपण अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने नागरिकों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी नियमित देखभाल करने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने पौधों के संरक्षण का संकल्प लिया तथा नागरिकों को भी पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया। निगम द्वारा आगामी दिनों में भी विभिन्न क्षेत्रों में वृहद पौधारोपण अभियान जारी रखा जाएगा, जिससे भिलाई को हरित एवं स्वच्छ शहर के रूप में विकसित किया जा सके।

